NHSRCL
National High Speed Rail Corporation Ltd.

RAJASTHAN PATRIKA, Ahmadabad, 13.5.2020
Page No. 2, Size:(10.03)cms X (14.74)cms.

नेशनल हाईस्पीड: ऑनलाइन ठेका आवंटन प्रक्रिया शुरू

गुजरात व दादरा नगर हवेली में बुलेट ट्रेन के लिए बनेंगे 14 ब्रिज

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

गांधीनगर . अहमदाबाद से मुंबई के बीच दौड़ने वाली बुलेट ट्रेन के लिए गुजरात और दादरा नगर हवेली (दानह) में 14 पुल बनाए जाएंगे। इसके लिए नेशनल हाईस्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएसएसआरसीएल) ने 14 पुलों के निर्माण के अनुबंध आवंटित करने के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रवक्ता सुष्मा गौर के अनुसार एनएचएसआरसीएल ने मुंबई - अहमदाबाद के बीच हाई स्पीड रेल परियोजना की गति बनाए रखने के लिए, कोविड-19 के कारण लॉकडाउन अवधि के दौरान, तीन सक्रिय निविदाओं के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ऑनलाइन बोली-पूर्व बैठकें की।

इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य संभावित बोलीदाताओं के संदेह को स्पष्ट करना था। इससे पहले कि वे अपनी अंतिम बोली दस्तावेज पेश करें।

लॉकडाउन के बावजूद, मुख्यालय और प्रोजेक्ट साइट कार्यालयों में एनएचएसआरसीएल की टीमें ऑनलाइन काम कर रही हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड प्रोजेक्ट से संबंधित परियोजना बिना किसी देरी के चल रही है।

परियोजना की प्रगति की निगरानी के लिए नियमित समीक्षा बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं। परियोजना संबंधी कार्यों जैसे बोली दस्तावेजों को अंतिम रूप देना, संरचनाओं के वास्तुशिल्प डिजाइन और ड्राइंग को अंतिम रूप दिया जा रहा है। क्षमता और कौशल निर्माण से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आईटी समाधानों के माध्यम से आयोजित किए जा रहे हैं।